## एक नजर में

### पुणे ई-स्टॉक ब्रोकिंग को मर्चेंट बैंकर के रूप में मंजूरी

इंदौर. पुणे ई-स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी को मर्चेंट बैंकर के रूप में कार्य करने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी प्राप्त हुई है. अब कंपनी एक सेबी पंजीकृत मर्चेंट बैंकर है, जिसका पंजीकरण क्रमांक आईएनएम 000013323 है. हाल ही में कंपनी ने घोषणा की कि उसके बोर्ड ने 20,00,000 कन्वर्टिबल वारंट्स का आवंटन विभिन्न प्रवर्तक और गैर-प्रवर्तक समूह संस्थाओं को वरीयता के आधार पर स्वीकृत किया है. वित्तीय वर्ष 2024-25 (संयुक्त) के लिए कंपनी ने कुल राजस्व 7664.38 लाख दर्ज किया. कंपनी का कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 49.17% बढ़कर 1671.10 लाख से 2492.92 लाख हो गया. वहीं, कर पश्चात लाभ 51.58% बढ़कर 1265.60 लाख से 1918.50 लाख पर पहुँच गया. 2007 में स्थापित, पुणे ई-स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड एक कॉरपोरेट ब्रोकिंग हाउस है जो अपने ग्राहकों को उनके निवेश लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता करने के लिए समर्पित है.

### ट्रैफिक उल्लंघन पर बढ़ सकता है मोटर इंश्योरेंस प्रीमियम

इंदौर. डॉ. तपन सिंघल, एमडी और सीईओ, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) के अनुसार भारत की सड़कें तेज़ रफ्तार वाहनों, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और बढ़ती गतिशीलता के साथ बदल रही हैं, लेकिन एक बात अब भी अटल है, वह है कि सड़क सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता. सड़क पर हमारे फैसले न केवल हमारी सुरक्षा को, बल्कि सीधे तौर कई अन्य लोगों की सुरक्षा को भी सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 1,68,491 लोगों की मृत्यु हुई और 4,43,366 लोग घायल हुए. डॉ. सिंघल ने बताया मोटर इंश्योरेंस प्रीमियम को ट्रैफिक उल्लंघन से जोड़ने के विचार पर सरकार और नियामक समितियों द्वारा कई बार चर्चा की गई है. प्रस्ताव में सुझाव दिया गया है कि किसी ड्राइवर द्वारा किए गए अधिक ट्रैफिक उल्लंघनों का प्रभाव उसके इंश्योरेंस प्रीमियम पर पड़ना चाहिए, क्योंकि इससे जोखिम बढ़ता है और ज़िम्मेदारी कम होती है. हालांकि यह सिस्टम अभी तक देशभर में शुरू नहीं हुआ है, लेकिन यह विचार योग्य कदम है.

### अमेजन .इन पर रोमांचक 'दिवाली स्पेशल' डील्स लाइव

इंदौर. सितंबर से शुरू हुए अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 में अब 'दिवाली स्पेशल' स्टोरफ्रंट के साथ और भी उत्सव की खुशी लाई गई है. इसमें करवा चौथ, धनत्रयोदशी और दिवाली के लिए विशेष डील्स उपलब्ध हैं. ग्राहक 1 लाख से अधिक प्रोडक्ट्स पर सबसे कम कीमतों का लाभ उठा सकते हैं और सैमसंग, एप्पल, इंटेल, टाइटन, लिबास और लोरेअल जैसे प्रमुख ब्रांड्स से 30,000 से अधिक नए प्रोडक्ट्स लॉन्च हुए हैं, जिनकी डिलीवरी अमेज़न के विस्तारित लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के माध्यम से तेज़ी से होगी. अमेज़न इंडिया 80त्न तक की छूट, न्यूनतम 150 रुपए कैशबैक और जीएसटी बचत उत्सव 2025 के तहत अतिरिक्त जीएसटी लाभ के साथ बेस्ट डील्स प्रदान कर रहा है. ग्राहक घर की सजावट, फैशन, किराना और गिफ्ट्स पर 70% तक की छूट वाले क्यूरेटेड डील्स के जरिए भारत के छोटे व्यवसायों का समर्थन भी कर सकते हैं.

### एआई से बदल रहा मप्र का एसएमई परिदृश्य

इंदौर. इंदौर और ग्वालियर जैसे प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों में छोटे और मझोले उद्यम (एसएमई) तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अपना रहे हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के मुताबिक, मध्य प्रदेश की एमएसएमईविकास नीति 2025, तकनीकी साझेदारियों और प्रस्तावित एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसी पहलों से इस बदलाव को और बढ़ावा मिल रहा है, जो राज्य में डिजिटल विकास को गति दे रहे हैं. 25 लाख से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साथ, मध्य प्रदेश अपने विविध औद्योगिक क्षेत्रों में एआई को प्रमुख व्यावसायिक कार्यों के साथ जोड़ रहा है. कोटक महिंद्रा बैंक के प्रेसिडेंट एसएमई, शेखर भंडारी ने कहा हम तीन प्रमुख बदलाव देख रहे हैं. पहला, एआईअब वर्कफ्लो में गहराई से जुड़गया है, जिससे व्यापारिक दस्तावेज़ीकरण, भुगतान और रसीदों का एकीकृत प्रबंधन संभव हो रहा है।दूसरा, क्लस्टर-आधारित ज्ञान-साझेदारी से एआई अपनाने की गति तेज़ हुई है।और तीसरा, एसएमईअब डिजिटल बैंकिंग के साथ एआई को जोड़कर नकदी प्रवाह की पारदर्शिता और कार्यशील पूंजी की दक्षता को बेहतर बना रहे हैं.

### नए डेल प्रो एसेंशियल लैपटॉप पेश किए

इंदौर. डेल टेक्नोलॉजीज़ ने भारत में दो नए डेल प्रो लैपटॉप, डेल प्रो 14 एसेंशियल और डेल प्रो 15 एसेंशियल पेश किए. ये लैपटॉप स्मॉल एवं मीडियम बिज़नेस (एसएमबी) की जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाए गए हैं. ये किफायती मूल्य में विश्वसनीय परफॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और लंबी बैटरी लाईफप्रदान करते हैं. इन लैपटॉप्स के साथ वितरक और पार्टनर ज्यादा बड़े वर्ग और उद्योगों को सेवाएं दे सकेंगे, जो उनकी व्यवसायिक जरूरतों के अनुरूप अनुकूलित होंगी. लॉन्च के बारे में इंद्रजीत बेलगुंडी, सीनियर डायरेक्टर एवं जनरल मैनेजर, क्लाईंट सॉल्यूशंस ग्रुप, डेल टेक्नोलॉजीज़, इंडिया ने कहा भारत में एसएमबी तेजी से विकसित होते हुए विश्व में आगे बढ़ रहे हैं. उनके लिए सही टेक्नोलॉजी काफी मददगार साबित हो सकती है. हमारे नए डेल प्रो 14 एसेंशियल और प्रो 15 एसेंशियल लैपटॉप के साथ हम किफायती, बिज़नेस-फ्रेंडली समाधान पेश कर रहे हैं, जो एसएमबी को सुरक्षा और सरल आईटी मैनेजमेंट प्रदान करने के लिए विकसित किए गए हैं.

### एचडीएफसी बैंक ने माई बिज़नेस क्यूआर लॉन्च किया

इंदौर भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2025 में %माई बिज़नेस क्यूआर% के लॉन्च की घोषणा की. माई बिज़नेस क्यूआर छोटे व्यवसायों के लिए भारत का पहला कॉमर्स आइडेंटिटी क्यूआर है. इसे बैंक के लोकप्रिय स्मार्टहब व्यापार मर्चेंट ऐप के विस्तार के रूप में व्यापरीफाई के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया है, जिसका उपयोग देश भर में 20 लाख से ज़्यादा व्यापारी करते हैं. एचडीएफसी बैंक के भुगतान और प्रत्यक्ष बैंकिंग चैनल प्रमुख, रजनीश प्रभु ने इस अवसर पर बताते हुए कहा एचडीएफसी बैंक में, हमारा विज़न प्रत्येक व्यापारी को ऐसी तकनीक से सशक्त बनाना है जो उनके व्यवसाय के विकास में मदद करे और ग्राहकों का विश्वास बढ़ाए. हमारे स्मार्टहब व्यापार ऐप के साथ, हमने व्यापारियों के लिए डिजिटल भुगतान स्वीकृति को सरल बनाया है और अब माई बिज़नेस क्यूआर के साथ, हम एक ऐसा समाधान पेश कर रहे हैं जो व्यापारियों को डिजिटल अर्थव्यवस्था में अपने व्यवसाय के विकास को बढ़ावा देने के लिए एक आधार प्रदान करता है.

### एयू बैंक ने बैंकिंग कनेक्ट के साथ किया इंटिग्रेशन

इंदौर. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एक और इंडस्ट्री-फर्स्ट उपलब्धि हासिल की है. बैंक ने एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड (एनबीबीएल) के 'बैंकिंग कनेक्ट' प्लेटफॉर्म पर लाइव होने वाला पहला बैंक बनकर इतिहास रच दिया है. ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा द्वारा लॉन्च किया गया. बैंकिंग कनेक्ट एक परिवर्तनकारी पहल है, जिसका उद्देश्य नेट बैंकिंग पेमेंट गेटवे (पीजी) लेनदेन को सरल और स्टैंडर्डाइज करना है. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में, हम उद्देश्यपूर्ण इनोवेशन और कोलोबरेशन के माध्यम से भारत के डिजिटल बैंकिंग इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं. एनबीबीएल के बैंकिंग कनेक्ट प्लेटफॉर्म के साथ हमारा इंटिग्रेशन इसी विजन को दर्शाता है- जो दक्षता को बढ़ाता है, सुरक्षा को मजबूत करता है और डिजिटल पेमेंट इंडस्ट्री में अनुभव का स्टैंडर्ड्स स्थापित करता है.

### कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव फंड ऑफ फंड लांच

इंदौर. कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी) ने कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ लॉन्च करने की घोषणा की है. यह एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड स्कीम है जो कोटक गोल्ड ईटीएफ और कोटक सिल्वर ईटीएफ में निवेश करेगी. इस इनोवेटिव फंड का उद्देश्य निवेशकों को सोना और चांदी—दोनों में एक्सपोज़र प्रदान कर लंबी अवधि में पूंजी में वृद्धि का अवसर देता है. यह स्कीम आम लोगों के निवेश के लिए 6 अक्टूबर को खुलेगी और 20 अक्टूबर 2025 को बंद होगी. कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक निलेश शाह ने कहा एसेट अलोकेशन वैसा ही है जैसे हर पिच के लिए सही खिलाड़ियों का चुनाव करना. सोना और चांदी हमेशा से पोर्टफोलियो के ऑलराउंडर रहे हैं, खासकर जब बाज़ार अस्थिर हो. कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ निवेशकों को अनुशासित तरीके से डाइवर्सिफाई करने का मौका देता है, बिना किसी एक परिणाम पर दांव लगाए,

### टोयोटा ने फॉर्च्यूनर लीडर का 2025 एडिशन लॉन्च किया

इंदौर. 2024 लीडर एडिशन की शानदार सफलता के बाद, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) फॉर्च्यूनर लीडर के 2025 एडिशन के साथ और भी प्रभावशाली छाप छोड़ने के लिए तैयार है. नए स्टाइल और प्रीमियम फीचर्स के साथ, यह नया एडिशन फॉर्च्यूनर की सड़क पर दमदार मौजूदगी को और बेहतर बनाता है और ग्राहकों को स्पोर्टी एवं ज्यादा आकर्षक लुक देता है. नए फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन को उन एसयूवी प्रेमियों के लिए खास तौर पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस, वरिंदर वाधवा ने कहा टोयोटा में, हम अपने ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखकर अपनी गाड़ियों को बेहतर करते रहते हैं. 2024 फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन को मिली जबरदस्त स्वीकार्यता और समर्थन के लिए हम आभारी हैं, जिसने भारतीय सड़कों पर इस एसयूवी की शान को और बढ़ाया है. इस भरोसे से उत्साहित होकर, हमें 2025 फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन पेश करने की खुशी है.




# निगम परिषद की बैठक में छाया चंदन नगर बोर्ड का मुद्दा

▸ 7 दिन में जांच के बाद होंगे अधिकारी नौकरी से बाहर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज नगर निगम परिषद की बैठक में चंदननगर के गलियों में बिना अनुमति एवं मुस्लिम नाम के बोर्ड लगाने का मुद्दा छाया रहा. उक्त मामले पर अधिकारियों पर कारवाई करने और नौकरी से बर्खास्त करने पर पक्ष विपक्ष ने सहमति जताई. साथ ही सभी प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पास हो गए.**

नगर निगम परिषद की आज निगम सभागृह में बैठक में कुल 38 प्रस्तावों का एजेंडा रखा गया था. उक्त 38 विषय में सबसे ज्यादा हंगामा चंदन नगर वार्ड नंबर 2 की गलियों में बोर्ड लगाने और सड़कों पर गड्ढे को लेकर हुआ. आज नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे सदन में गड्ढे वाली सड़कों के पोस्टर के साथ प्रदर्शन करते हुए पहुंचे. चंदन नगर बोर्ड लगाने के मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष एक साथ खड़े नजर आए. उक्त मामले में ठेकेदार कंपनी का बिल पास होने पर सदन में लगभग सभी भाजपा पार्षदों ने एक सुर में दोषी अधिकारियों को सेवा समाप्ति की बात कही और सभापति एवं आयुक्त से तत्काल निर्णय लेकर कारवाई के मांग की.

### इसलिए हुआ हंगामा...

ध्यान रहे कि चंदन नगर में नगर निगम की बिना अनुमति के गलियों में विवादित नाम के बोर्ड लगाए गए थे. ठेकदार कंपनी को उसका भुगतान भी कर दिया गया. इससे महापौर सहित सभी पार्षद नाराज थे. अधिकारियों पर कारवाई की जगह वापस महत्वपूर्ण काम सौंप दिया गया. इसको लेकर आज परिषद बैठक में जमकर हंगामा हुआ. अधिकारियों को जांच और कार्रवाई होने तक कोई काम नहीं देने की मांग भी उठाई गई.

### सात दिनों में जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें

चंदन नगर में धार्मिक नामों वाले बोर्ड लगाने वाले तीन अधिकारियों को बहाल कैसे कर दिया गया? नगर निगम आयुक्त ने जवाब दिया कि 'जांच जारी है, नियमों के तहत कार्रवाई होगी.' सभापति ने निर्देश दिए कि 7 दिनों में जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए. इसके बाद महापौर ने कहा कि 7 दिन जांच के लिए समय कम है. चंदन नगर बोर्ड मामले में वैभव देवलासे, मनीषा राणा दोषी है और उनको बर्खास्त नहीं सेवा समाप्ति की जाएं. निगम ने राम गुप्ता को पहले ही हटा दिया है. चिंटू चौकसे ने सवाल उठाया कि बावड़ी कांड में भी 38 लोग मरे थे. उस समय भी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई. गिदवानी ने सहमति जताई और कहा कि जब बावड़ी पर निर्माण हो रहा था तो अधिकारी क्या कर रहे थे?

### अधिकारी दोषी है

महापौर ने कहा कि यह निंदनीय है. एमआईसी ने कभी प्रस्ताव नहीं किया है। अधिकारी दोषी है. बोर्ड लगने के बाद पेमेंट होना इरेगुलेटरी है. विभागीय जांच की जाए, निलंबित करने में जल्दबाजी की गई है. विभाग के अधिकारियों को जांच तक काम नहीं दिया जाए. नेता प्रतिपक्ष ने बात कही है, रिकॉर्ड नहीं है। पिछले 10 वर्षो देखने का प्रस्ताव रखा है. राजू भदौरिया ने कहा कि बापट चौराहा को लेकर सवाल उठाए थे. सराफा चौपाटी को लेकर बात की है. शहर हित में काम पारदर्शिता से हो.

### और बत्ती गुल हो गई.....

सम्मेलन में महापौर ने अच्छी पहल करते हुए कहा कांग्रेस के प्रश्नों को बीच में ना रोके हर सवाल का सटीक जवाब जिम्मेदारी से मिलेगा. विपक्ष के नेता चिंटू चौकसे ने बिजली गुल होने पर कहा कि बोला जनरेटर के पैसे तक नहीं है निगम के पास. नगर निगम में आकस्मिक रूप से लाइट जाने की स्थिति में पावर सप्लाई जारी रखने के लिए दो बड़े डीजी सेट लगे हुए हैं. हर माह उनके मेंटेनेंस पर बड़ी राशि खर्च की जाती है. कई कर्मचारी इसके लिए ड्यूटी पर लगाए गए हैं. इसके बावजूद भी आज निगम परिषद सम्मेलन के दौरान अचानक निगम परिषद हाल की बत्ती गुल हो गई. लगभग 5 मिनट तक अंधेरे में ही सम्मेलन चलता रहा.

### दोषी अफसरों को बाहर करें

पार्षद महेश चौधरी ने कहा कि शहर में दंगा करवाने की चाल थी. दोषी अधिकारियों को बाहर करें, बर्खास्त नहीं. भाजपा पार्षद निगम आयुक्त द्वारा जवाब देने पर अड़ गए थे. निलंबित यातायात विभाग प्रभारी अधीक्षण यंत्री वैभव देवलासे, मनीषा राणा एक अन्य इंजीनियर की बहाली को लेकर विरोध था.

### गांधी बनाम गोडसे पर भिड़े पार्षद

परिषद में कांग्रेस पार्षद राजू भदौरिया ने बीजेपी पर गोडसे विचारधारा फैलाने का आरोप लगाया और महात्मा गांधी की तस्वीर सभापति को भेंट की, मांग की कि इसे सदन में लगाया जाए.

### श्मशान घाट की दुर्दशा पर भी मचा बवाल

बीजेपी पार्षद सुरेश कुरवाड़े ने कहा कि मुक्तिधामों की हालत खराब है. शवयात्रा में लोग लकड़ी-कंडे घर से लाते हैं. जवाब मिला कि श्मशानों का विकास हो रहा है, जहां व्यवस्था नहीं है, वहां सुधार के निर्देश दिए जाएंगे. पार्षद जीतू जाटव ने भी कहा कि बारिश में मुक्ति धाम में पहले पानी निकालना पड़ता है, तब अंतिम संस्कार होता है.

'भ्रष्टाचार बंद करो' बनाम 'लव जिहाद बंद करो' के नारे

कांग्रेस ने भ्रष्टाचार बंद करो के नारे, तो बीजेपी पार्षदों ने पलटकर लव जिहाद बंद करो के नारे लगाए.

**मीट में अंतर करें**- बैठक में अश्विन शुक्ल ने कहा कि मीट में अंतर करना चाहिए. मुर्गे और मछली अलग है, लेकिन पाड़ा और बकरे के लाइसेंस नहीं है. इसके लाइसेंस तय हो. मछुआरा के लिए 23 दुकानें की मंजूरी आई है. सरकार मछुआरा के आधुनिक पार्लर खोलने जा रहे है. इसके टेंडर कर रहे हैं. बकरे और पाड़ा मांस विक्रय की अनुमति या लाइसेंस नगर निगम द्वारा पार्षद के लेटर पर भी नही दिया जाएगा.

# शहर के ब्लैक स्पॉट पर तीन दिनों में होगा तेजी से काम

▸ कलेक्टर ने दुर्घटनाएं रोकने के लिए तीन दिन का दिया समय



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में यातायात जाम और दुर्घटनाओं को लेकर शाम को बैठक हुई. बैठक में कलेक्टर ने तीन विभागों को 3 दिन में ब्लैक स्पॉट को दुरस्त करने की चेतावनी दी है. साथ ही युद्ध स्तर पर प्राथमिक रूप से ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटना रोकने के उपाय करने के आदेश दिए हैं.**

आज कलेक्टर सभागृह शहर में दुर्घटनाएं रोकने के लिए शिवम वर्मा ने शाम को सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक की. बैठक में नेशनल हाईवे, पीडब्ल्यूडी और एमपीआरडीसी विभाग के अधिकारी मौजूद थे. तीनों विभागों को तीन दिनों में शहर के चिन्हित 33 ब्लैक स्पॉट पर कार्य करने की हिदायत दी है. शहर में 33 चिन्हित ब्लैक स्पॉट है ,जिन पर दुर्घटनाएं हुई हैं. ऐसे स्थानों पर प्राथमिकता से युद्ध स्तर पर तीन दिनों में साइनेज लगाने के साथ लाइट और रम्बल स्ट्रिप अनिवार्य रूप से लगाएं. कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए. तीन दिनों बाद इन सभी स्थानों का वे स्वयं निरीक्षण भी करेंगे. दुर्घटना न हो, ऐसे उपाय विभागों द्वारा अनिवार्यता से किए जाए. बैठक में एडीएम रोशन राय ,नेशनल हाइवे, नगर निगम, एमपीआरडीसी, यातायात पुलिस और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद थे.

**इन ब्लैक स्पॉट्स पर काम होगा**- जिला प्रशासन द्वारा जो ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए है, उनमें लवकुश चौराहा, रिजलाय फाटा धार रोड, देवास नाका चौराहा, बेस्ट प्राईज बायपास रोड, ओमेक्स सिटी बायपास रोड, डेक्थनॉल बायपास रोड, टाटा शोरूम एबी रोड, बिचौली मर्दाना ब्रिज के ऊपर बायपास, तीन इमली चौराहा, रालामण्डल चौराहा बायपास रोड, तेजाजी नगर ब्रिज के ऊपर एबी रोड, कैलोद करताल फाटा बायपास रोड, राऊ गोल चौराहा, आईटी पार्क चौराहा, विशेष जूपीटर हॉस्पिटल के सामने रिंग रोड, प्रभु तौल कांटे के पास नेमावर, ट्रेंचिंग ग्राउंड के सामने नेमावर रोड देवगुराड़िया, ग्राम माचल, महू ङ्कनीचम रोड घाटाबिल्लौद, काला सूरा फाटा इंदौर धार रोड, ए बी रोड भैरुघाट पुलिया के पास ग्राम कालाकिराय, ए बी रोड अर्जुन बरोदा, डकाच्या ए बी रोड, बुड़ी बरलाई, कल्याण मील, लसुडिया परसार, टीही पुलिया फॉरलेन रोड, पिगडम्बर, माँ वैष्णो ढाबा, इंदौर खंडवा रोड भैरूघाट, इंदौर खंडवा बाई ग्राम और दुधिया पावर हाउस के सामने नेमावर रोड शामिल हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि उक्त ब्लैक स्पाट्स पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कारवाई की जाएं.



# बालिकाओं व महिलाओं ने प्रस्तुति किए आकर्षक नृत्य

**इंदौर. दाधीच महिला भजन मंडल के तत्वावधान में शरद उत्सव का आयोजन मोदी की नसिया में किया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंजू डागा थीं. मंच पर लीलावती व्यास, अर्चना आसोपा, श्रुति व्यास और समस्त मंगल पाठ समिति की बहनें उपस्थित थी. इस अवसर पर गरबा प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें ग्रुप गरबा नंबर-2 आसोपा परिवार को प्रथम पुरस्कार दिया गया.**

बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा एक से बढ़कर एक कई आकर्षक व रंगारंग नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. ऐसा देखा गया की दाधीच समाज में अब प्रतिभाओं की कमी नहीं है. इस दिन मंगल पाठ समिति द्वारा बारह महिनों के व्रत एवं त्यौहार की कहानी नामक पुस्तक का विमोचन किया गया. पुस्तक का विमोचन दाधीच ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कमल व्यास एवं दाधीच महिला भजन मंडल की संरक्षिका लीलावती व्यास द्वारा किया गया. इसमें आने वाली नई पीढ़ी की बहू बेटियों के लिए समस्त जानकारी पूजन-विधि, राती- जगा के गीत, गणगौर के दोहे, झाले वारना, त्योहारों का महत्व आदि प्रकाशित करने का एक छोटा सा प्रयास किया है. इस अवसर पर दाधीच ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कमल व्यास दाधीच महिला भजन मंडल की संरक्षिका लीलावती व्यास, मंडल की अध्यक्षा अर्चना आसोपा, सचिव श्रुति व्यास, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कमल व्यास, युवा संघ के अध्यक्ष देवेंद्र व्यास सचिव सुनील व्यास, दधिमती महिला मित्र मंडल एवं समस्त पदाधिकारीगण, महर्षि दधीचि महिला मंडल एवं समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित थीं.

### इनको किया पुरस्कृत

अंत में सभी प्रतिभागियों को मंजू डागा ने अपनी ओर से पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया. बेस्ट ड्रेस अप निवेदिता पंचोली, बेस्ट डांसर शीतल शर्मा, बेस्ट ओपन गरबा प्रस्तुति ज्योति शर्मा, विशेष प्रस्तुति निधि शर्मा, सुरेखा शर्मा, एकल नृत्य में अंशिका व्यास को प्रथम पुरस्कार व आरोही शर्मा को द्वितीय पुरस्कार दिया गया. संचालन श्रुति व्यास ने किया. आभार प्रदर्शन शशि दाधीच ने किया.

# सुंदर मी होणार का मंचन सानंद के मंच पर आज से


▸ पु.ल. देशपांडे लिखित है नाटक

**इंदौर. सानंद न्यास के पांच दर्शक समूह के लिए नाटक सुंदर मी होणार का मंचन 10, 11 और 12 को स्थानीय देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागृह खंडवा रोड इंदौर में होग.**



सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं मानव सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि इस नाटक का प्रथम प्रयोग 30 अप्रैल 1958 को हुआ जिसमें स्वयं पु. ल. देशपांडे व सुनीताबाई साथ में दाजी भटावडेकर, विजय जयंवत, आत्माराम भिंडे, काशीनाथ घाणेकर जैसे विख्यात कलाकारों ने काम किया. बाद में डॉक्टर श्रीराम लागू, वंदना गुप्ते, डॉक्टर गिरीश ओक, रवी पटवर्धन, कविता लाड जैसे कलाकारों ने विजय केंकरे के दिग्दर्शन में नाटक का मंचन किया. आकाश कारण ने इस कलात्मक नाटक को सुंदर रूप से प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह रहे हैं. टीवी कलाकारों द्वारा अभिनीत इस नाटक के कलाकार हैं अभिजीत चव्हाण, स्वानंदी टिकेकर, अमोल बावडेकर, श्रुति पाटिल, सर्जन देशपांडे, विराजस ओढेकर, आस्ताद काळे, श्रु जा प्रभुदेसाई. सानंद न्यास के श्री भिसे एवं श्री वावीकर ने बताया कि 3 दिन एवं 5 प्रयोगों में होने वाले नाटक सुंदर मी होणार का मंचन दि. 10 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को मामा मुजुमदार समूह के लिये सायं. 6.30 बजे, 11 अक्टूबर 2025 शनिवार को रामुभैय्या दाते समूह के लिये अपराह्न 4 बजे, सायं. 7.45 बजे राहुल बारपुते समूह के लिये, इसी प्रकार दि. 13 अक्टूबर 2025 , रविवार को वसंत समूह के लिये अपराह्न 4 बजे एवं सायं 7.45 बजे बहार समूह के लिये होगा।

▸ सजना है मुझे सजना के लिए...



उसके चेहरे की चमक सामने सादा लगा आसमां पे चांद पूरा था मगर आधा लगा...

एक नजर में ▸ विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था के आयोजन में 400 महिलाएं शामिल हुईं

# 16 श्रृंगार में सजी महिलाओं ने गरबों के साथ दी नृत्य की प्रस्तुति

**इंदौर. सभी महिलाएं 16 श्रृंगार में, पारंपरिक वेषभूषा में सज-धज कर केसरी वाटिका, विन्ध्याचल नगर पहुंची. पहले देवी दुर्गा के समक्ष गरबा नृत्य किया और उसके बाद सुंदर और मनोहारी नृत्य प्रस्तुति से समा बांध दिया.**



करवा चौथ के पूर्व मौके पर यह आयोजन विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था ने विंध्याचल नगर में किया था, जिसमें शहर की नारी शक्ति ने भाग लिया. यह जानकारी संस्थापक अध्यक्ष प्रमिला कैलाश शर्मा ने दी. समारोह की मुख्य अतिथि सुलोचना पटेल, किरण जिरेती, रश्मि तिवारी और रेखा रावल थी. सुषमा दुबे, पूनम शर्मा, संगीता उपाध्याय, मोनिका दुबे विशेष अतिथि थी. प्रमिला शर्मा ने कहा कि इस आयोजन का मकसद भारतीय संस्कृति और परम्परा को और भी समृद्ध करना और महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाना है. महिलाओं ने ही महिलाओं से जुड़े उत्पादों के स्टाल्स लगाए, जिसमें करवे से लेकर कपड़े, गिफ्ट आयटम और खाद्य पदार्थ थे. आरजे साक्षी ने महिलाओ को गेम्स खिलाये. मेले की शुरुआत दीप प्रज्वलन और आरती से हुई. इस मौके पर ज्योति शर्मा, श्वेता मिश्रा, मणिमाला शर्मा, अलका दुबे, नूतन चौबे, मंजु शर्मा और महक शर्मा, टीना शर्मा रेणुका व्यास विशेष रूप से उपस्थित थी.